**प्राइवेसी पॉलिसी**

*Disclaimer: In the event of any discrepancy or conflict in the translated version, the English version will prevail over the translation.*

पैसाबाज़ार मार्केटिंग एंड कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड ("पैसाबाज़ार"/"कंपनी"/"पैसाबाज़ार.कॉम") अपने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म www.paisabazaar.com और "मोबाइल ऐप" (सामूहिक रूप से "वेबसाइट") सहित आपकी गोपनीयता बनाए रखने के महत्व को मानता है। पैसाबाज़ार.कॉम अपने उपयोगकर्ताओं की सभी सूचनाओं की गोपनीयता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यह प्राइवेसी पॉलिसी बताती है कि कैसे पैसाबाज़ार.कॉम, आपके द्वारा वेबसाइट का उपयोग करते समय दी गई जानकारी को आवश्यकता के आधार पर कलेक्ट, जमा, मैनेज और ट्रांसफर करता है। यह प्राइवेसी पॉलिसी हमारी वेबसाइट पर आने वाले लोगों और हमारे मौजूदा व भविष्य के ग्राहकों पर लागू होती है। हमारी वेबसाइट पर जाकर या इसका उपयोग करके, आप इस प्राइवेसी पॉलिसी में बताई गई बातों को स्वीकार्यता और सहमति दे रहे हैं।

वेबसाइट का उपयोग करने या इसका उपयोग करना जारी रखने से आप इस प्राइवेसी पॉलिसी के अनुसार अपनी जानकारी (सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000, लागू नियमों, अधिसूचना आदि के तहत परिभाषित संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी सहित) को _हमारे साथ साझा करने के लिए सहमत होते हैं, हालांकि इस प्राइवेसी पॉलिसी को पैसाबाज़ार अपने विवेकाधिकार पर समय-समय पर संशोधित या बदल सकता है।

## 1. व्यक्तिगत जानकारी का नियंत्रण

पैसाबाज़ार मार्केटिंग एंड कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड और उसकी मूल कंपनी (इसके प्रतिनिधियों, सहयोगियों और इसके व्यावसायिक भागीदारों सहित) आपकी व्यक्तिगत डेटा/जानकारी को भारत में स्थित सर्वरों पर एकत्र और संग्रहीत करेगी।

### 2. हम आपकी कौन-सी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं

ग्राहकों से प्राप्त जानकारी के द्वारा हम वेबसाइट पर उनके अनुभव को लगातार बेहतर और पर्सनलाइज़ बनाने का प्रयास करते हैं। हम जिस तरह की जानकारी एकत्र करते हैं वह निम्नप्रकार है:

- हम उन जानकारी या दस्तावेज़ों को प्राप्त/स्टोर करते हैं जो आप हमारी बेवसाइट पर अपलोड व दर्ज करते हैं या हमें किसी अन्य तरीके से देते हैं, जो आपके द्वारा चुने गए प्रोडक्ट/सर्विस या फिर हम व हमारे बिजनेस पार्टनर द्वारा मांगी गई जानकारी हो सकती है जिसमें आपकी

व्यक्तिगत जानकारी जैसे पहला नाम, उपनाम, ईमेल आईडी, जन्म तिथि, निवास शहर आदि शामिल है। आप कुछ निश्चित जानकारी प्रदान नहीं करने का विकल्प चुन सकते हैं, लेकिन तब आप हमारी कई सेवाओं और सुविधाओं का लाभ नहीं उठा पाएंगे। हम आपकी बायोमेट्रिक जानकारी न तो एकत्र करते हैं और न ही स्टोर करते हैं।

- आपकी स्पष्ट सहमति से हमारे पास आपके कैमरा, माइक्रोफोन, स्थान और किसी अन्य सुविधा तक एक बार की पहुंच होती है, जिसका उद्देश्य हमारे या हमारे साझेदार की ऑनबोर्डिंगा या केवाईसी आवश्यकताओं को पूरा करना होता है। आपकी सहमति आरबीआई द्वारा जारी डिजिटल ऋण दिशानिर्देशों के अनुसार होती है, जिसे समय-समय पर संसोधित किया जाता है।

- हम अन्य स्रोतों से आपके बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और इसे अपनी जानकारी खाता में जोड़ सकते हैं।

## 3. हम कुकीज़ क्लेक्ट करते हैं

जब भी आप  हमसे इंटरैक्ट करते हैं  तब हम कुछ विशेष प्रकार की जानकारी प्राप्त और संग्रहीत करते हैं। उदाहरण के लिए,, हम "कुकीज़" का उपयोग करते हैं और कुछ प्रकार की जानकारी प्राप्त करते हैं जब आपका वेब ब्राउज़र हमारी वेबसाइट,  या अन्य वेबसाइटों  पर पेश किए गए विज्ञापनों और अन्य सामग्री का एक्सेस प्रदान करता है। कुकी उपयोगकर्ता के कंप्यूटर पर संग्रहीत डेटा का एक टुकड़ा है जो उपयोगकर्ता के बारे में जानकारी _देता है। हम सेशन आईडी कुकीज़ और परसिस्टेंट कुकीज़ दोनों का इस्तेमाल कर सकते हैं।  सेशन आईडी कुकीज़ के लिए, एक बार जब आप अपना ब्राउज़र बंद कर देते हैं या लॉग आउट कर देते हैं, तो कुकी समाप्त हो जाती है और  मिट जाती है।  परसिस्टेंट कुकीज़ एक छोटा टैक्स्ट फाइल होता है, जो आपके कंप्यूटर के हार्ड ड्राइव में लंबे समय के लिए संग्रहित रहता है। वेबसाइट विज़िट करने पर उपयोगकर्ताओं की प्राथमिकता को ट्रैक करने के लिए पैसाबाज़ार.कॉम द्वारा सेशन आईडी कुकीज़ का इस्तेमाल किया जा सकता है। सेशन आईडी सर्वर प्रोसेसिंग और लोड टाइम को कम करने में भी मदद करता है।

अधिकांश ब्राउज़र आपको बताएंगे कि अपने ब्राउज़र को नई कुकीज़ स्वीकार करने से कैसे रोकें, नई कुकी प्राप्त होने पर ब्राउज़र आपको कैसे सूचित करें और कुकीज़ को पूरी तरह से कैसे डिसेबल करें। इसके अतिरिक्त, आप ऐड-ऑन की सेटिंग बदलकर या इसके निर्माता की वेबसाइट पर जाकर ब्राउज़र ऐड-ऑन द्वारा उपयोग किए जाने वाले समान डेटा जैसे- फ्लैश कुकीज़ को डिसेबल या हटा सकते हैं।

हालाँकि, क्योंकि कुकीज़ आपको वेबसाइट की कुछ आवश्यक सुविधाओं का लाभ उठाने की अनुमति देते हैं, हम सलाह देते हैं कि आप उन्हें चालू रहने दें। उदाहरण के लिए, यदि आप हमारी कुकीज़ को ब्लॉक

या अस्वीकार करते हैं, तो आप किसी भी वेबसाइट के उत्पादों और सेवाओं का उपयोग करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं, जिसके लिए आपको साइन इन करने की आवश्यकता होती है।

## 4. हम जानकारी का उपयोग कैसे करते हैं

जब आप पैसाबाज़ार अकाउंट के लिए रजिस्ट्रेशन करते हैं, इसके उत्पादों या सेवाओं का उपयोग करते हैं या इसके वेबसाइट पेज पर जाते हैं तब पैसाबाज़ार.कॉम आपकी जानकारी एकत्र करता है। जब आप पैसाबाज़ार.कॉम पर रजिस्टर करते हैं, तो आपसे आपका पहला नाम, उपनाम, राज्य और निवास का शहर, ईमेल आईडी, जन्म तिथि और लिंग के बारे में पूछा जाता है। एक बार जब आप वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन  कर लेते हैं और साइन इन करते हैं तो आप हमारे लिए अजनबी नहीं रहते हैं।_ इसके अलावा रजिस्ट्रेशन के दौरान आपसे आपका कॉन्टैक्ट नंबर मांगा जाता है, जिस पर हमारी सेवाओं के बारे में SMS, नोटिफिकेशन भेजा जाता है। इसलिए, रजिस्ट्रेशन करके आप पैसाबाज़ार.कॉम (इसके बिज़नेस पार्टनर्स और सहयोगियों सहित) को आपकी लॉगिन जानकारी के साथ प्रमोशनल मेल और एसएमएस सहित किसी भी अन्य सेवा आवश्यकताओं के साथ टेक्स्ट और ईमेल अलर्ट भेजने के लिए अधिकृत करते हैं, भले ही आपने खुद को डीएनडी, या डीएनसी या एनसीपीआर सेवाएं के तहत  रजिस्टर किया हो। आपका प्राधिकरण तब तक मान्य रहेगा जब तक आपका खाता डीएक्टिवेट नहीं किया जाता है या जब तक आप अपनी सहमति वापस नहीं लेते हैं।_ पैसाबाज़ार.कॉम आपके द्वारा चुनी गई विभिन्न सेवाएँ और लागू कानूनों के अनुपालन के तहत आपकी सहमति के आधार पर, सेवा सुविधा (ऑनबोर्डिंग, केवाईसी के लिए डेटा का संग्रह सहित) और हमारी वेबसाइट तक पहुंच को आसान बनाने के उद्देश्य से आपके कैमरे, माइक्रोफोन, लोकेशन और अन्य सुविधा का वन टाइम एक्सेस भी ले सकता है।

**जानकारी एकत्र करने का उद्देश्य:**

- आपको सेवाएं प्रदान करने, भुगतान और आपके आवेदनों की प्रक्रिया को पूरा करने, उत्पादों, सेवाओं और प्रमोशनल ऑफर्स के बारे में आपसे संवाद करने में हमारी या हमारे बिज़नेस पार्टनर्स की सहायता करने के लिए।

- आपके द्वारा सबमिट किए गए प्रश्नों या अनुरोधों का जवाब देने और आपको प्रदान की गई किसी भी सेवा के साथ अपनी शिकायतों/मुद्दों/समस्याओं का समाधान करने के लिए।

- हमारे व्यापार भागीदारों के साथ किसी भी समझौते के संबंध में हमारे दायित्वों को  नियंत्रित करना या अन्यथा पूरा करना।

- आपको स्पेशल प्रोमोशंस या ऑफ़र के बारे में जानकारी  भेजना। हम आपको नई सुविधाओं या उत्पादों/सेवाओं के बारे में भी बता सकते हैं। ये हमारे अपने ऑफ़र या उत्पाद/सेवाएं, या तीसरे

पक्ष के ऑफ़र या उत्पाद/सेवाएं हो सकते हैं जिनके साथ पैसाबाज़ार.कॉम का टाई-अप है।

- आपकी जानकारी का उपयोग आंतरिक विश्लेषण के लिए और आपको स्थान-आधारित सेवाएं, जैसे विज्ञापन, खोज परिणाम और अन्य पर्सनलाइज्ड सामग्री प्रदान करने के लिए करते हैं।

- इस जानकारी का उपयोग हमारे प्लेटफ़ॉर्म को बेहतर बनाने, धोखाधड़ी या हमारी वेबसाइट के दुरुपयोग को रोकने और हमारे प्रतिनिधि के रुप में तीसरे पार्टी को तकनीकी, तार्किक या अन्य कार्य करने में सक्षम बनाता है। हम आपसे प्राप्त जानकारी को आपके बारे में प्राप्त जानकारी के साथ जोड़ सकते हैं।

- आपको नोटिस, सन्देश, और ऐसी सेवाओं की सिफारिश करने के लिए जो आपके लिए रुचिकर हो सकती हैं, हमारे रिकॉर्ड को अपडेट करने और आमतौर पर हमारे साथ अपने खातों को बनाए रखने, सामग्री और ग्राहक समीक्षा दिखाने के लिए ग्राहकों की जानकारी एकत्र करते हैं।

- जब आप अपनी कॉन्टैक्ट जानकारी प्रदान करते हैं, तो हम इसका उपयोग आपको सामान्य नोटिस या आपके खाते के बारे में महत्वपूर्ण समाचार भेजने, आपका फीडबैक या राय मांगने और स्पेशल डील और प्रस्तावों पर अपडेट प्रदान करने के लिए करने के लिए, जो आपको रुचिकर लग सकते हैं।

- कस्टमर एप्लीकेशन को आगे बढ़ाने के लिए हमारे पार्टनर्स द्वारा ग्राहक दस्तावेजों को अपलोड करने के लिए Android/iOS और वेबसाइट पर फाइल स्टोरेज की अनुमति प्राप्त की जाती है।

- पैसाबाज़ार वेबसाइट आपकी सहमति के आधार पर आपके द्वारा चुनी गई विभिन्न सेवाओं की सुविधा के लिए (ऑनबोर्डिंग, केवाईसी के लिए डेटा संग्रह सहित) और हमारी वेबसाइट पर लॉग इन करने के उद्देश्य से आपके कैमरे, माइक्रोफोन, स्थान और अन्य सुविधा तक एक बार एक्सेस भी ले सकता है। वो भी इस प्राइवेसी पॉलिसी और लागू कानूनों के अनुपालन के तहत जैसा कि इस गोपनीयता नीति में प्रदान किया गया है और लागू कानूनों के अनुपालन में है।

इस वेबसाइट या हमारी सेवाओं की कुछ विशेषताओं के लिए आपको हमारी वेबसाइट पर 'यौर अकाउंट सेक्शन' में आपके द्वारा प्रदान की गई पहचान योग्य जानकारी को प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी।

## 5. थर्ड पार्टीज़ को जानकारी देना

पैसाबाज़ार.कॉम कमर्शियल उद्देश्यों के लिए आपकी जानकारी को किसी को भी इस तरह से नहीं बेचेगा या किराए पर नहीं देगा या किसी अन्य तरीके से प्रकट नहीं करेगा जो कि इस गोपनीयता नीति में

निर्धारित की गई प्रतिबद्धताओं या किसी अन्य के विपरीत हो। इसके बावजूद, इस प्राइवेसी पॉलिसी में निर्धारित उद्देश्यों के अनुसार हम आपकी जानकारी को हमारे व्यापार भागीदार (बैंक व एनबीएफसी), सीआईसी और सेवा प्रदाताओं और हमारे साथ संबंधित संस्थान के साथ साझा कर सकते हैं ।

इन थर्ड पार्टीज़ को आपकी जानकारी को उसी स्तर की देखभाल और गोपनीयता का उपयोग करके संभालना आवश्यक है, जैसा कि पैसाबाज़ार द्वारा की जाती है। इन **थर्ड पार्टीज़** द्वारा आपकी जानकारी तक पहुंच या प्रसंस्करण संविदात्मक शर्तों, लागू कानूनों और हमारे निर्देशों के अनुसार है और आपकी सहमती के अधीन है। इस पैराग्राफ के उद्देश्यों के लिए, "संबद्ध" का अर्थ होगा, किसी भी व्यक्ति के रूप में, कोई अन्य व्यक्ति, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, ऐसे व्यक्ति को नियंत्रित करता है, या द्वारा नियंत्रित होता है, या उसके साथ सामान्य नियंत्रण में है। (शब्द "नियंत्रण" (इसके सहसंबंधी अर्थों के साथ, "द्वारा नियंत्रित" और "के साथ सामान्य नियंत्रण में") का अर्थ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी व्यक्ति के प्रबंधन या नीतियों को निर्देशित करने या निर्देशित करने की शक्ति का अधिकार रखना है। चाहे सिक्योरिटीज़ या पार्टनरशिप या अन्य स्वामित्व हितों के माध्यम से, कॉन्ट्रैक्ट या अन्यथा द्वारा। शब्द "व्यक्ति" में कोई भी प्राकृतिक व्यक्ति, निगम, पार्टनरशिप, लिमिटेड लायबिलिटी कंपनी, ट्रस्ट, अनिगमित संघ, या कोई अन्य संस्था शामिल है)।

पैसाबाज़ार.कॉम व्यवसाय के किसी भी हिस्से की बिक्री या विलय, पुनर्गठन, या किसी अन्य इकाई के साथ इसके समेकन के परिणामस्वरूप, आपकी व्यक्तिगत पहचान की जानकारी को किसी भी उत्तराधिकारी को साझा और/या ट्रान्सफर कर सकता है। इस आधार पर कि यह जीवित इकाई नहीं है।

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी के संग्रह और उपयोग को सीमित करते हैं। हम अनाम या समग्र व्यक्तिगत जानकारी बना सकते हैं और ऐसे डेटा को केवल एक गैर-व्यक्तिगत पहचान योग्य तरीके से प्रकट कर सकते हैं। ऐसी सूचना से व्यक्तिगत रूप से आपकी पहचान सिद्ध नहीं होती। आपकी खाता जानकारी और किसी भी अन्य व्यक्तिगत पहचान वाली जानकारी तक पहुंच सख्ती से प्रतिबंधित है और केवल विशिष्ट आंतरिक प्रक्रियाओं के अनुसार और इस प्राइवेसी पॉलिसी में निर्धारित उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाती है, ताकि हमारी सेवाओं को संचालित, विकसित या बेहतर बनाया जा सके। हम आपको अपनी सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाने के लिए थर्ड पार्टीज़ के सेवा प्रदाताओं का उपयोग कर सकते हैं और हमें उनके साथ हमारे अनुबंधों के तहत उन्हें प्रदान की जाने वाली जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने के लिए ऐसी थर्ड पार्टीज़ की आवश्यकता होती है।

हम आपकी पूर्व लिखित सहमति प्राप्त किए बिना, पहचान के सत्यापन के उद्देश्य से या साइबर घटनाओं, का पता लगाने, जांच के लिए, अभियोजन और अपराधों की सजा सहित रोकथाम या जहां कानूनी दायित्व के अनुपालन के लिए प्रकटीकरण आवश्यक है, वहां कानून के तहत अनिवार्य सरकारी एजेंसियों के साथ आपकी जानकारी साझा कर सकते हैं। आप लागू कानून के तहत, यदि आवश्यक हो, तो वेबसाइट द्वारा आपकी जानकारी का खुलासा करने के लिए सहमत और सहमति देते हैं ।

वेबसाइट पर थर्ड पार्टीज़ जैसे उधारदाताओं, बैंकों, क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं द्वारा प्रदान किए जाने वाले लोन, क्रेडिट कार्ड, म्यूचुअल फंड जैसे कई उत्पाद/सेवाएं हैं। यदि आप इन अलग-अलग उत्पादों या सेवाओं के लिए आवेदन करते हैं, इन प्रदाताओं को जानकारी देते हैं, तो आपकी जानकारी का उपयोग वेबसाइट की गोपनीयता नीति के अतिरिक्त उनकी गोपनीयता नीतियों द्वारा नियंत्रित होती है। पैसाबाज़ार.कॉम उनकी गोपनीयता नीतियों के लिए ज़िम्मेदार नहीं है। जब आप उनके उत्पादों या सेवाओं के लिए आवेदन करते हैं, तो हम आपको इन थर्ड पार्टीज़ /प्रदाताओं द्वारा अपनाई गई गोपनीयता सूचनाओं और प्रक्रियाओं को देखने और पढ़ने की सलाह देते हैं। । इन थर्ड पार्टीज़ वेबसाइटों की गोपनीयता नीतियों या उपयोग की शर्तों आदि की सामग्री के लिए पैसाबाज़ार की कोई ज़िम्मेदारी नहीं है।

यदि आप हमारे मोबाइल ऐप के माध्यम से हमारे म्यूचुअल फंड उत्पाद में निवेश कर रहे हैं, तो आप निम्नलिखित प्रकटीकरण से सहमत हैं:

"| "पैसाबाज़ार का उपयोग और Google API से प्राप्त जानकारी को किसी अन्य ऐप पर स्थानांतरित करना सीमित उपयोग आवश्यकताओं सहित Google API सेवा उपयोगकर्ता डेटा नीति का पालन करता है। | पैसाबाजार ऐप की मदद से निवेशक अपने म्युचूअल फंड निवेश को आसानी से ट्रैक कर सकते हैं, क्योंकि ऐप कई चैनलों/प्लेटफॉर्मों के माध्यम से समय-समय पर विश्लेषण करता रहता है। अगर निवेशक स्वयं से निवेश को ट्रैक करने जाते हैं तो ये उनके लिए कठिन हो सकता है यहां, उपभोक्ताओं की बुनियादी आवश्यकता एक ही स्थान पर सभी म्यूचुअल फंड निवेशों को एक साथ देखने और मॉनिटर करने में सक्षम बनाता है।

इसे प्रदान करने में सक्षम होने के लिए, ग्राहक की सहमति के बाद, पैसाबाज़ार वेबसाइट हर महीने निवेशक/ग्राहक द्वारा प्राप्त म्यूचुअल फंड सीएएस ईमेल स्टेटमेंट (जिसमें सभी एमएफ निवेशों का विवरण शामिल है) को पढ़ता है और ग्राहकों को सिंगल स्क्रीन पर एक पूर्ण और व्यापक म्यूचुअल फंड डैशबोर्ड प्रदान करता है। यह न केवल एक बेहतर उपभोक्ता अनुभव प्रदान करता है बल्कि उन्हें एक ही स्थान पर एक साथ सभी सक्रिय म्यूचुअल फंड निवेशों की जांच, ट्रैक और तुलना करने में मदद करता है, जिससे सूचित वित्तीय निर्णय लेने में मदद मिलती है।

## 6. डेटा स्टोरेज

पैसाबाज़ार आपकी व्यक्तिगत जानकारी केवल भारत में स्थित सर्वरों पर संग्रहीत करता है। हमारे ग्राहकों की जानकारी हमारे ग्राहकों की सेवा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए रखी जाती है, सिवाय इसके कि आपको सेवाएं प्रदान करने के लिए हमारे व्यापार भागीदारों के साथ हमारी व्यवस्था में अनिवार्य है, जब तक कि ऐसी सहमति आपके द्वारा वापस नहीं ली जाती है। जानकारी को इस नीति के अनुसार और भारत में लागू कानून/नियामक आवश्यकताओं के तहत अनुपालन किया जाता है।

निम्नलिखित स्थितियों में, पैसाबाज़ार आपकी जानकारी को एक  लंबी समायावधि के लिए रख सकता है (i) कानून के तहत किसी भी जांच की आवश्यकता के मामले में या अदालतों/न्यायाधिकरणों/मंचों/आयोगों आदि के समक्ष किसी भी आवश्यकता के हिस्से के रूप में; (ii) हमारे उत्पादों/सेवाओं को बढ़ाने/सुधारने के लिए और (iii) आवश्यकतानुसार व्यापार भागीदारों के साथ संविदात्मक व्यवस्था के तहत।

पैसाबाज़ार आपकी क्रेडिट रिपोर्ट और क्रेडिट स्कोर को क्रेडिट ब्यूरो से प्राप्त कर सकता है, जिसमें क्रेडिट स्कोर सहित आपकी क्रेडिट रिपोर्ट की एक प्रति भी शामिल हो सकती है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। ये जानकारी रखी जाती है- (i) 6 माह की सीमित समय के लिए या (ii) उस उद्देश्य को पूरा करने के लिए क्रेडिट जानकारी को बनाए रखना आवश्यक है जिसके लिए इसे प्रदान किया गया था या (iii) जब तक आप ऐसी उपभोक्ता क्रेडिट जानकारी को संग्रहीत करने के लिए अपनी सहमति वापस नहीं ले लेते। अधिक जानकारी के लिए, कृपया क्रेडिट रिपोर्ट उपयोग की शर्तें देखें।

### RBI की डिजिटल लेडिंग गाइडलाइन्स के अनुसार प्रावधान

डिजिटल लोन सेवाओं को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से ली गई हमारे ग्राहकों की कोई भी जानकारी उनकी सेवा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आठ साल की अवधि तक रखी जाती है। यह अवधि ग्राहक के हालिया पैसाबाज़ार सेवाओं को लेने से निर्धारित की जाएगी। कृपया ध्यान दें कि लागू कानूनी और कम्पलायेंस आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए पैसाबाज़ार को बुनियादी पहचान विवरण बनाए रखने की आवश्यकता हो सकती है।

## 7. आपकी जो व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन कलेक्ट और उपयोग की जाती है, उसपर आपका   कितना नियंत्रण है?

यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि हम आपके बारे में जिस जानकारी का उपयोग करते हैं, वह आपको लाभ पहुंचाने वाले उत्पाद, सेवाएं और अनुभव प्रदान करने में हमारी मदद करती है। आपके पास यह नियंत्रित करने की क्षमता है कि आपकी गैर-व्यक्तिगत जानकारी कैसे एकत्र (कलेक्ट) और ऑनलाइन उपयोग की जाती है। आपके पास यह चुनने की क्षमता है कि आप अपनी वित्तीय जानकारी सहित कौन-सी पर्सनल डिटेल्स हमें प्रदान करते हैं, आप अपनी जानकारी को थर्ड पार्टी को देने से सीमित कर सकते हैं, हालाँकि, कृपया ध्यान दें कि यह आपके द्वारा चुने गए उत्पाद/ सेवा तक आपकी आसान पहुँच को प्रभावित कर सकता है। हालांकि, यदि आप अनुरोध की गई सभी अनिवार्य जानकारी और डेटा प्रदान नहीं  करते हैं, तो हम आपको वे सेवाएं प्रदान नहीं कर पाएंगे, जिसकी आपने सदस्यता ली है।

हमारा मानना है कि आपको यह चुनने में सक्षम होना चाहिए कि आपको ईमेल/एसएमएस के माध्यम से किस प्रकार की जानकारी प्राप्त  होना चाहिए।  यदि आप ईमेल/एसएमएस द्वारा मार्केटिंग सामग्री प्राप्त नहीं करना चाहते हैं, तो बस अपने खाते की संपर्क जानकारी या हमारे मार्केटिंग ईमेल में प्रदान किए गए 'ऑप्ट-आउट' या अनसब्सक्राइब लिंक पर अपनी प्राथमिकता बताएं या फिर हमें

care@paisabazaar.com पर भी लिख सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि आपके अनुरोध को पूरा करने में लगभग 10 दिन लग सकते हैं। कृपया ध्यान रखें कि आपके द्वारा ऑप्ट आउट करने के बाद भी हम आपको ईमेल/एसएमएस/फोन कॉल के माध्यम से आपकी सेवाओं के बारे में सूचित करना जारी रखेंगे।

आप वेबसाइट पर अपने अकाउंट में लॉग इन करके आपके द्वारा हमें प्रदान की गई जानकारी की समीक्षा कर सकते हैं I और किसी भी व्यक्तिगत जानकारी/संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा या जानकारी को सही या संशोधित कर सकते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आपके द्वारा हमें प्रदान की गई जानकारी या डेटा सही है और/या दोषपूर्ण नहीं है। पैसाबाज़ार.कॉम किसी भी व्यक्तिगत जानकारी या संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा या आपके द्वारा या किसी थर्ड पार्टी द्वारा उसे प्रदान की गई जानकारी की प्रामाणिकता के लिए ज़िम्मेदार नहीं है।

## 8. सहमती वापसी और डेटा हटाना

यदि आपको लगता है कि हमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी को बनाए रखने की आवश्यकता नहीं है या यदि आप हमसे अपना व्यक्तिगत डेटा डिलीट करने या हटाने के लिए कहते हैं, जहाँ आपको लगता है कि हमें इसे संसाधित करने का अधिकार नहीं है, तो हम  ऐसे ग्राहकों की जानकारी को नष्ट या हटा देंगे। आप किसी भी समय, हमारी सेवाओं का लाभ उठाते समय या अन्यथा अपना संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा या जानकारी एकत्र करने और उपयोग करने  की दी गई अपनी सहमति को consentrevocation@paisabazaar.com. पर लिखकर वापस ले सकते हैं।

आपकी सहमति वापस लेने की विनती को सफलतापूर्वक वैरिफाई करने के बाद, इसे सफल सत्यापन के अधीन ऐसे अनुरोध की प्राप्ति की तारीख से 45 दिनों की अवधि के भीतर संसाधित किया जाएगा। कुछ मामलों में, यदि आपने पैसाबाज़ार की सेवाएँ ली हैं तो हम आपका डेटा हटाने की स्थिति में नहीं होंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि लागू कानून के अनुसार, हमें/हमारे भागीदार बैंकों/एनबीएफसी को आपके द्वारा ली गई सेवाओं को जारी रखने के लिए आपका डेटा बनाए रखना आवश्यक हो सकता है। हम विश्वास दिलाते हैं कि इस तरह की रखी गई जानकारी को सभी साइबर सुरक्षा मानदंडों का पालन करते हुए संरक्षित किया जाएगा।

हालांकि, आपके द्वारा इस तरह की सहमति वापस लेने की स्थिति में, पैसाबाज़ार.कॉम के पास आपको वे सेवाएं प्रदान करना बंद करने का विकल्प होगा, जिनके लिए जानकारी मांगी गई थी। आप ऐसी स्थिति में किसी भी सेवा के लिए भुगतान की गई किसी भी फीस की वापसी के लिए योग्य नहीं होंगे और आप सहमत हैं कि वेबसाइट किसी भी तरीके से आपके लिए उत्तरदायी नहीं होगी।

## 9. लॉग फाइल्स

अधिकांश मानक वेबसाइटों की तरह, हम लॉग फ़ाइलों का उपयोग करते हैं। इस जानकारी में इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) एड्रेस, ब्राउज़र टाइप, इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर (आईएसपी), रेफ़रिंग/एग्जिट पेज, प्लेटफ़ॉर्म प्रकार, दिनांक/समय स्टैम्प और ट्रेंड्स का विश्लेषण करने के लिए क्लिक की संख्या, साइट का प्रबंधन करना, उपयोगकर्ता वेबसाइट पर क्या कर रहे हैं ये ट्रैक करना और समग्र उपयोग के लिए व्यापक जनसांख्यिकीय जानकारी एकत्र करना शामिल हो सकता है। ⊥ हम इस स्वचालित रूप से एकत्र की गई लॉग की जानकारी को आपके बारे में एकत्रित की जाने वाली अन्य जानकारी के साथ जोड़ सकते हैं। ⊥ हम ऐसा आपको प्रदान की जाने वाली सेवाओं को बेहतर बनाने, मार्केटिंग, एनालिटिक्स या साइट की कार्यक्षमता में सुधार करने के लिए करते हैं।

## 10. डेटा सिक्योरिटी

पैसाबाज़ार.कॉम एक ISO/IEC 27001:2013 प्रमाणित संगठन है जो सूचना सुरक्षा पर लागू अनुपालन मानकों को सुनिश्चित करता है और समझता है कि आपकी जानकारी की गोपनीयता, अखंडता और उपलब्धता हमारे व्यावसायिक संचालन और हमारी अपनी सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। हम आपके द्वारा एकत्र की जाने वाली जानकारी की सुरक्षा के लिए हर समय उपयुक्त तकनीकी और संगठनात्मक सुरक्षा उपाय अपनाते हैं। अनधिकृत या गैर-कानूनी उपयोग या सूचना के परिवर्तन से बचाने के लिए और किसी भी आकस्मिक हानि, विनाश या सूचना को नुकसान से बचाने के लिए हम कई इलेक्ट्रॉनिक, प्रक्रियात्मक और भौतिक सुरक्षा उपायों का उपयोग करते हैं। हमने किसी भी संदिग्ध डेटा सुरक्षा उल्लंघन से निपटने के लिए उपयुक्त सुरक्षा उपाय किए हैं। हालांकि, इंटरनेट पर प्रसारण का  या इलेक्ट्रॉनिक भंडारण का कोई भी तरीका 100% सुरक्षित नहीं है। इसलिए, हम इसकी पूर्ण सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते। इसके अलावा, आप अपनी लॉगिन आईडी और पासवर्ड की गोपनीयता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं और ये क्रेडेंशियल किसी तीसरे पक्ष को प्रदान नहीं कर सकते हैं।

किसी भी सुरक्षा उल्लंघन के दौरान सभी संबंधित स्टेकहॉल्डर (आंतरिक और प्रासंगिक साझेदारों के साथ-साथ वैधानिक अधिकारियों) को प्रासंगिक जानकारी के साथ सूचित किया जाएगा जैसा कि लागू कानूनों द्वारा आवश्यक हो सकता है।

## 11. थर्ड पार्टी एडवरटाइज़र्स और अन्य  वेबसाइट्स के लिंक

### थर्ड पार्टी एडवरटाइजिंग

जब आप हमारी वेबसाइट पर आते हैं तो आपको विज्ञापन दिखाने के लिए हम थर्ड पार्टी विज्ञापन कंपनियों और/या विज्ञापन एजेंसियों का उपयोग कर सकते हैं। ये कंपनियां वेबसाइट पर आपकी विज़िट के बारे में जानकारी (आपका नाम, पता, ईमेल पता, या टेलीफोन नंबर को छोड़कर) का उपयोग कर सकती हैं ताकि इस वेबसाइट और अन्य थर्ड पार्टी वेबसाइट्स पर उन वस्तुओं और सेवाओं के बारे में विज्ञापन प्रदान किया जा सके जो आपके लिए रुचिकर हो सकती हैं।

हम इंटरनेट पर और कभी-कभी इस वेबसाइट पर अपनी ओर से विज्ञापन देने के लिए थर्ड पार्टी सर्विस प्रदाताओं का उपयोग करते हैं। वे वेबसाइट पर आपकी विज़िट और हमारे उत्पादों और सेवाओं के साथ आपकी बातचीत के बारे में अनाम जानकारी एकत्र कर सकते हैं। वे वस्तुओं और सेवाओं के लक्षित विज्ञापनों के लिए इस पर और अन्य वेबसाइट पर आपकी विज़िट के बारे में जानकारी का उपयोग भी कर सकते हैं। यह अनाम जानकारी एक पिक्सेल टैग के उपयोग के माध्यम से एकत्र की जाती है, जो कि अधिकांश प्रमुख वेबसाइटों द्वारा उपयोग की जाने वाली इंडस्ट्री स्टैण्डर्ड तकनीक है। इस प्रक्रिया में कोई व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी एकत्र या उपयोग नहीं की जाती है।

**अन्य वेबसाइट्स से लिंक:**

हमारी अन्य सहयोगी कंपनियों से जुड़ी हमारे बैंकिंग और गैर-बैंकिंग पार्टनर्स से संबंधित अन्य साइटें पैसाबाज़ार.कॉम से लिंक्ड हो सकती हैं। व्यक्तिगत जानकारी जो आप उन वेबसाइट्स को प्रदान करते हैं, वह हमारी संपत्ति या जिम्मेदारी नहीं है। इन संबंधित साइट्स की अलग-अलग प्राइवेसी पॉलिसी हो सकती हैं और जब आप इन वेबसाइट्स पर जाते हैं तो हम आपको उनकी प्राइवेसी पॉलिसी पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। पैसाबाज़ार इन थर्ड पार्टी वेबसाइट्स की प्राइवेसी पॉलिसी या उपयोग की शर्तों आदि के कॉन्टैंट के बारे में कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है।

## 12. प्राइवेसी पॉलिसी में परिवर्तन

पैसाबाज़ार.कॉम अपने पूर्ण विवेकाधिकार से समय-समय पर इस पॉलिसी को बदलने का अधिकार रखता है। हम अपनी सूचना प्रथाओं में परिवर्तनों को दर्शाने के लिए इस प्राइवेसी पॉलिसी को अपडेट कर सकते हैं। हम आपको समय-समय पर इस प्राइवेसी पॉलिसी को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। नीचे दी गई प्रभावी तिथि से आप यह निर्धारित कर सकते हैं कि पिछली बार जब आपने स्टेटमेंट पढ़ी थी तब से अब तक कोई परिवर्तन हुआ है या नहीं।

## 13. नोडल शिकायत अधिकारी

कंपनी ने किसी भी डिजिटल लोन संबंधित ग्राहकों की शिकायतों के निवारण के लिए एक नोडल शिकायत अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल शिकायत अधिकारी का नाम और संपर्क विवरण नीचे दिया गया है:

**नाम:** ज्योत्सना पोपली

**पता:** पैसाबाज़ार मार्केटिंग एंड कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर 135, सेक्टर - 44, गुरुग्राम - 122001, हरियाणा

**ईमेल:** servicehead@paisabazaar.com

संपर्क नंबर- 0124-3509999 (सोमवार से शनिवार - सुबह 9:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक कॉल कर सकते हैं)

अगर हमारी प्राइवेसी पॉलिसी के बारे में आपके पास कोई प्रश्न, चिंताएं या सुझाव हैं, तो आप हमारे Contact Us पेज पर दी गई जानकारी का उपयोग कर हमें संपर्क कर सकते हैं या care@paisabazaar.com पर हमें ई-मेल भी भेज सकते हैं।

## 14. डाटा शिकायत अधिकारी

अगर आपको पैसाबाज़ार.कॉम को प्रदान की गई किसी भी जानकारी/डेटा के प्रक्रिया के संबंध में कोई शिकायत है या आप किसी विसंगति को दूर करना चाहते हैं, तो कृपया हमारे डेटा शिकायत अधिकारी से संपर्क करें। शिकायत अधिकारी का नाम और संपर्क विवरण नीचे दिया गया है:

**नाम:** मुकेश शर्मा

**पदनाम:** चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर, पैसाबाज़ार

**पता:** पैसाबाज़ार मार्केटिंग एंड कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर 135, सेक्टर - 44, गुरुग्राम - 122001, हरियाणा

**दूरभाष:** 0124 - 4562900

**फैक्स:** 0124 - 4562902

**ईमेल:** grievance-officer@paisabazaar.com

अगर आपके पास हमारी प्राइवेसी पॉलिसी के संबंध में कोई प्रश्न, चिंताएं या सुझाव हैं, तो हमारे संपर्क पेज पर दी गई जानकारी का उपयोग करें या care@paisabazaar.com पर संपर्क करें।

**यह प्राइवेसी पॉलिसी आखिरी बार 24 सितंबर 2024 को अपडेट की गई थी।**